नवभारत

मुंबई, 14 फरवरी, 2015

ठाकुर कॉलेज में आज से ई-वीक

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. कांदिवली (पूर्व) के ठाकुर विलेज स्थित ठाकुर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एण्ड रिसर्च द्वारा नेशनल इंटरप्रन्योरशिप नेटवर्क के सहयोग से ई-वीक 2015 आयोजित किया गया है.

नवभारत मीडिया पार्टनर

14 से 21 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम मे क्रियेटिव जॉब्स फॉर मिलियन्स थीम के साथ छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा. कॉलेज का उद्देश्य केवल प्रबंधकों को तैयार करना नहीं है, बल्कि इसके साथ वे उद्यमिता के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध करा सकें. इस कार्यक्रम के साथ समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने की भी कोशिश की जाएगी, जिसमें कई स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र लोगों को प्रेरित करेंगे. ठाकुर शिक्षण संस्थान ऐसे लोगों को आमंत्रित करता है, जो अपने व्यवसाय को स्वतः स्थापित कर चुके हों और अपना अनुभव छात्रों के बीच बांटेंगे. ई-वीक के दौरान विभिन्न विषयों पर परिचर्चा का आयोजन किया गया है.

Pg. No. 08